शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ(IQAC)

आठवीं बैठक

दिनाँक 09–01–2020 ,दिन–गुरूवार

आज दिनाँक 09–01–2020 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की आठवीं बैठक प्राचार्य कक्ष में 3:30 बजे से प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक की कार्यवाही का विवरण निम्ननुसार हैः–

1 सर्वप्रथम बैठक में प्रकोष्ठ के चेयरमैन प्राचार्य डॉ॰ऑर॰एस॰ अग्रवाल जी ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में IQAC के कार्डिनेटर श्री विनीत कुमार गुप्त ने आज की बैठक के एजेण्डा को बिन्दुवार स्पष्ट किया ।

2 प्रकोष्ठ ने पूर्व की बैठकों में लिए गये निर्णय के आधार पर हुए कार्यो की समीक्षा की तथा अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने का संकल्प लिया गया ।

3 मार्च 2020 में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन एवं शुचिता बनाये रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया ।

4 महाविद्यालय के द्वारा नैक प्रत्यायन हेतु जो निर्णय पूर्व में लिया गया था के क्रम में तेजी लाने के लिए नैक के मापदण्डो के अनुरूप कार्यविभाजन का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया । जिसमें समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूरा करने पर बल दिया गया ।

5 विश्वविद्यालय के द्वारा महाविद्यालय का नाम संशोधन कर शासकीय लरंगसाय स्नातकोतर महाविद्यालय रामानुजगंज करने की अधिसूचना जारी करने के लिए विश्वविद्यालय से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया ।

6 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में शीघ्र ही कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिय गया ।

7 नैक के कार्यो को स्पष्टता और बेहतर तरीके से करने के लिए शीघ्र ही नैक सम्बन्धित एक कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया । महाविद्यालय का सम्पूर्ण शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ नैक की बारीकियों कों समझकर अपना कार्य सम्पादित करेंगे ।

8 महाविद्यालय में छात्र –छात्राओं के आध्यात्मिक उन्नीकरण के उद्देश्य से आध्यात्मिक व्याख्यान कराये जाने का निर्णय लिया गया । जिससे छात्रों को बेहतर समझ बनाने, मूल्यों और सिद्धान्तो के आधार पर व्यक्तित्व निर्माण में मदद मिल सकेगी ।

9 महाविद्यालय में समस्त स्टाफ के लिए 'Digital Awareness and Use of ICT' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिससे सम्पूर्ण स्टाफ मे इस विषय के बारे में पर्याप्त जगरूकता हो जिससे कार्य प्रदर्शन बेहतर हो सके ।

10 संविधान की 70 वीं वर्षगांठ के अवसर पर महाविद्यालय में मौलिक कर्त्तव्यों के सम्बन्ध में मार्च 2020 के प्रथम सप्ताह में एक कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया । जिसका दायित्व राजनीति विज्ञान को सौंपा गया । इसके कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को मौलिक कर्त्तव्यों के पालन के प्रति प्रेरित किया जायेगा।

11 प्राचार्य कक्ष के सौन्दर्यीकरण के उद्देश्य से एल्यूमीनियम फर्नीचर लगाने का निर्णय लिया गया साथ ही बेहतर बैठक व्यवस्था के लिए प्राचार्य कक्ष हेतु उच्च गुणवत्ता युक्त सोफा क्रय करने का निर्णय लिया गया।

12 नैक की गाइडलाइन के अनुरूप और वृहद दृष्टिकोण के अनुसार महाविद्यालय की बेबसाइट का नवीनीकरण कराने का निर्णय लिया गया ।

13 महाविद्यालय मे छात्र–छात्राओं में बेहतर सन्देश देने और प्रेरित करने के उद्देश्य से संविधान की प्रस्तावना और राज्यगीत की प्रतिकृति को होर्डिंग के रूप में महाविद्यालय में उचित स्थान पर लगाने का निर्णय लिया गया ।

14 महाविद्यालय मे सौन्दर्यीकरण करने के उद्देश्य से विभिन्न कक्षओं में पर्दा लगवाने का निर्णय लिया गया जिसमें प्रारम्भिक तौर पर प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम , फैकल्टी रूम ,सेमिनार हॉल और स्मार्ट रूम मे पर्दा लगवाने का निर्णय लिया गया ।

15 महाविद्यालय मे नय भवन के मध्य की भूमि का समतलीकरण कराने का निर्णय लिया गया साथ ही महाविद्यालय के मैदान का समतलीकरण कराने का भी निर्णय लिया गया ।

16 महाविद्यालय में जिला खनिज न्यास संस्थान बलरामपुर के द्वारा स्वीकृत मल्टीपरपज हॉल को महाविद्यालय की स्टेज के पीछे खाली मैदान मे बनाये जाने का निर्णय लिया गया ।

17 महाविद्यालय मे वार्षिक बौद्धिक, साहित्यिक व खेलकूद प्रतियोगिताएं फरवरी 2020 के द्वितीय सप्ताह मे कराये जाने का निर्णय लिया गया साथ ही वार्षिकोत्सव को 14 फरवरी 2020 का आयोजित करने का निर्णय लिया गया ।

बैठक अन्त में IQAC कोर्डिनेटर श्री विनीत कुमार गुप्त ने सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार ज्ञापन किया । बैठक में सभी सदस्यों ने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्प लिया । प्राचार्य की अनुमति से बैठक को समाप्त घोषित किया गया ।

आज दिनांक 09.01.2020 की इस बैठक में निम्नालिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. डॉ. आर. बी. सोनवानी, सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र)
2. श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
3. शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
4. श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
5. श्री रामजीत राम, कार्यालयीन सदस्य।
6. श्री आशुतोष गुप्ता, छात्र।

09.01.2020
IQAC
संयोजक

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.)
AISHE
C-9753

प्राचार्य
शा0 लरंगसाय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर-रा.गंज(छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)